प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक– 22/09/2024 समयः 7.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न्यूयॉर्क में आज भारतीय समुदाय को करेंगे संबोधित।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जम्मूकश्मीर विधानसभा चुनाव के लिये किया चुनाव प्रचार।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेश में कार्यक्रमों का दौर जारी।
- भारत ने शतरंज में रचा इतिहास, पहली बार जीता शतरंज ओलंपियाड में गोल्ड मेडल।

सरकार 100 दिन/आयुष्मान लाभार्थी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे हो गये हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना यानी आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों ने केन्द्र सरकार का आभार माना है। भोपाल की बेबी माली को किडनी संबंधी समस्या है और वह इस वर्ष में अब तक पांच लाख रुपए से अधिक का निशुल्क उपचार प्राप्त कर चुकी हैं। बेबी माली के पति ने भारत सरकार की इस योजना का आभार माना है....

मुख्यमंत्री प्रचार जम्मू

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिये प्रचार किया। उन्होंने सांबा विधानसभा, में भाजपा प्रत्याशी सुरजीत सिंह सलाथिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इसके अलावा गुर्हा सलाठिया के रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा को भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने सांबा में कहा कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पाकिस्तान के एजेंडे पर काम करती दिख रही है।

विदेश सचिव–न्यूयॉर्क

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी अमरीका यात्रा के दूसरे दिन न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं। वे यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कई कंपनियों के सीईओ से भी मुलाकात करेंगे। उनकी यात्रा को लेकर विदेश सचिव ने आज न्यूयार्क में कहा कि क्वाड शिखर सम्मेलन और द्विपक्षीय बैठकों ने वैश्विक विकास, शांति और सुरक्षा के लिए भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट करने का एक मंच प्रदान किया है। विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच 297 चोरी की गई भारतीय प्राचीन वस्तुओं को भारत को वापस लौटाने का भी निर्णय लिया गया। श्री मिश्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने क्वाड सम्मेलन की मेजबानी करने और क्वाड को मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति बाइडेन का आभार व्यक्त किया है।

एनसीसी–सम्मेलन

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ कल नई दिल्ली में संयुक्त राज्य प्रतिनिधि और नेशनल कैडेट कोर उप महानिदेशक सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन के दौरान एनसीसी के विस्तार पर चर्चा होगी। हाल ही में एनसीसी की कैडेट संख्या 17 लाख से बढाकर 20 लाख करने का निर्णय लिया है। प्रतिनिधि संबंधित नीतियों, वित्तीय आवश्यकताओं तथा नए प्रशिक्षण और शिविर स्थल स्थापित करने पर भी चर्चा करेंगे। इस द्विवार्षिक आयोजन में राजस्थान के उप मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री, अरूणाचल प्रदेश, असम, कर्नाटक, केरल और उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री तथा गोआ के युवा और खेल मंत्री तथा अन्य राज्यों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

संसद–सम्मेलन

भारतीय संसद कल से नई दिल्ली में शुरू हो रहे दो दिवसीय 10वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ–सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला सीपीए भारत क्षेत्र के अध्यक्ष भी हैं। सम्मेलन से पहले सीपीए भारत क्षेत्र

कार्यकारी समिति की बैठक होगी। सम्मेलन का विषय सतत और समावेशी विकास में विधायी समितियों की भूमिका है।

स्वच्छता ही सेवा

प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शहडोल जिले में शहर से लेकर गांव तक जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका ने रेलवे ग्राउंड में एसबीएम स्वच्छता लीग संभाग स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू किया है। इस दौरान सांसद हिमाद्री सिंह ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। नगर के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 5 तक के नागरिकों के बीच स्वच्छता चौपाल व स्वच्छता संवाद का आयोजन किया गया। छतरपुर जिले में बकस्वाहा के कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं के साथ स्वच्छता संवाद किया गया। साथ ही कचरा पृथक्कीकरण एवं प्रसंस्करण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मानव श्रृंखला बनाकर नगर में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। राजगढ जिले में आज संयुक्त कार्यालय भवन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों ने सेक्टर बांटकर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर की श्रमदान कर साफ सर्फाइ की। अंत में कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। खण्डवा में जनजागृति बाइक रैली कल जिला चिकित्सालय परिसर से आयोजित होगी। जिला अस्पताल परिसर से प्रारंभ होकर रैली शहर के विभिन्न मार्गों में पहुंचेगी।

साईकिल वितरण

स्कूल शिक्षा विभाग वर्ष 2024–25 में निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना में 4 लाख 50 हजार शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल प्रदान करेगा। इस संबंध में विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। योजना में कक्षा–6 एवं 9 में प्रथम प्रवेश पर पात्र विद्यार्थियों को अध्ययन सुविधा के लिये निःशुल्क साइकिल प्रदान की जाती है। पिछले वर्ष 4 लाख 7 हजार विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई थीं। योजना में उन छात्राओं को भी लाभ दिया जायेगा, जिनके छात्रावास और शासकीय स्कूल के बीच की दूरी 2 किलोमीटर या इससे ज्यादा हो।

बाढ़ प्रभावित–भिंड

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम एवं प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल आज भिण्ड जिले के ग्राम विजपुर, कछपुरा, ग्राम गुदावली और ग्राम मौ में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव में बाढ़ के कारण सड़कें, मकान, स्कूल की बाउण्ड्री वाल क्षतिग्रस्त हुई है उसे तत्काल बनाया जायेगा। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया।

लखपति दीदी–बैतुल

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम लखपति दीदी अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत बैतूल जिले में हो चुकी है। जिले में ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्व–सहायता समूहों की 5000 दीदियों को इस वित्तीय वर्ष में लखपति बनाने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने बताया कि प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखंड से स्व–सहायता समूहों की 500 महिला सदस्यों का चयन किया गया है, इस तरह कुल मिलाकर जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्र से 5000 दीदियों का चयन किया जा चुका है। इन दीदियों को कम लागत में अधिक मुनाफा वाली तीन प्रमुख गतिविधियों मुर्गी पालन, बकरी पालन और मल्टी लेयर सब्जी उत्पादन– के संबंध में प्रशिक्षित कर उनका क्रियान्वयन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दीदियों को प्रोत्साहित करने के लिए निवेश राशि की लगभग 75 प्रतिशत राशि समूह के माध्यम से दीदियों को ऋण के रूप में उपलब्ध करा दी जाएगी। नवंबर माह से गतिविधियां सुचारू ढंग से शुरू कर दी जाएगी, एवं इनसे होने वाली आय से जल्द ही ये दीदियां "लखपति दीदी" के रूप में स्वयं को स्थापित कर सकेंगी।

क्रिकेट

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज का पहला मैच 280 रन से जीत लिया है। इस जीत से टीम ने सीरीज में 1–0 की बढ़त हासिल कर ली है। चेपॉक स्टेडियम में आज मैच के चौथे दिन भारतीय टीम ने 515 रन चेज कर रही बांग्लादेश को दूसरी पारी में 234 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत की ओर से रविचंद्र्न अश्विन ने छह विकेट लिए। रवीन्द्र जाडेजा को तीन विकेट मिले। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए रविचंद्र्न अश्विन को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। दूसरा मुकाबला 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। पहला टेस्ट खेलने वाली टीम को ही कायम रखा गया है।

मौसम

प्रदेश में सोमवार से एक बार फिर मानसूनी गतिविधियां देखने को मिल सकती है। 23 सितंबर से लो प्रेशर एरिया की एक्टिविटी शुरू होगी। जिसके बाद बारिश का दौर शुरू हो जाएगा, जो सितंबर के आखिरी सप्ताह तक बना रहेगा। इससे पूरा प्रदेश एक बार फिर बारिश होगी। उल्लेखनीय है कि भोपाल, ग्वालियर समेत प्रदेश के 38 जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश हो चुकी है। वहीं, इंदौर, उज्जैन और रीवा में कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में भोपाल, इंदौर, देवास, जबलपुर, उज्जैन समेत अन्य जिलों में गरज–चमक, तेज हवा और हल्की बारिश की संभावना है।

समाचार संक्षेप में .....

- देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में आज 'नो कार डे' रहा। जिला कलेक्टर स्कूटर से आज कार्यालय पहुंचे। नागरिकों ने भी इस अभियान में हिस्सा लिया।
- शहडोल जिले के खैरहा में एक कार से लगभग डेढ़ क्विंटल गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने कार के चालक को गिरफ्तार कर लिया है।इस मामले में पुलिस को 3 अन्य आरोपियों की तलाश है।
- सीहोर के जिला रोजगार कार्यालय मे 23 सितम्बर को डॉ अम्बेडकर शासकीय महिला आई टी.आई में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आवेदकों की विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

--------------------